सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र साधारण	RAJASTHAN GAZETTE Ordinary
साधिकार प्रकाशित	**Published by Authority**

जिल्द 77 कार्तिक 8, गुरुवार, शाके 1947–अक्टूबर 30, 2025 अंक 31
Vol. 77 Kartika 8 , Thursday, Saka 1947–October 30, 2025 No. 31

भाग 7

विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

शपथ–पत्र

मैं शालिनी पारीक पत्नी श्री सुनील पारीक, उम्र 40 वर्ष, जाति पारीक, निवासी नई कॉलोनी, ग्राम जाहोता, तहसील जालसू जिला जयपुर की रहने वाली हूँ जो कि निम्न कथन सशपथ बयान करती हूँ कि:–

1. यह कि मेरी पुत्री गुनगुन पारीक जो कि कक्षा 12वीं में अध्ययनरत है जिसमें पिता का नाम पुनीत पारीक दर्ज है, जो कि मेरे पूर्व पति का नाम है लेकिन मेरे पूर्व पति पुनीत पारीक एवं मेरे मध्य न्यायालय के जरिये विवाह विच्छेद दिनांक 16.12.2023 को हो चुका है और दिनांक 15.07.2024 को मैंने पुनर्विवाह सुनील पारीक के साथ कर लिया है तथा मेरी पुत्री गुनगुन मेरे साथ ही रहती है और मेरे एवं मेरे पति सुनील पारीक द्वारा मेरी पुत्री का पालन पोषण एवं शिक्षा दिक्षा आदि की जा रही है, जिस कारण से मैं मेरी पुत्री गुनगुन के पिता का नाम सुनील पारीक उसके समस्त शैक्षणिक दस्तावेजात में करवाने के सम्बन्ध में यह शपथ–पत्र प्रस्तुत कर रही हूँ।
2. यह कि मेरी पुत्री गुनगन के पिता का नाम सुनील पारीक किया जाना न्यायहित में है।
3. यह कि मेरे एवं मेरी पुत्री के समस्त दस्तावेजात् में पति/पिता का नाम सुनील पारीक है और मेरी पुत्री के पिता के नाम से पुनीत पारीक के स्थान पर सुनील पारीक दर्ज करवाया जाना आवश्यक है।
4. यह कि मेरे द्वारा एवं मेरी पुत्री गुनगुन द्वारा अन्य किसी के नान का दुरूपयोग नहीं किया जा रहा है बल्कि मेरे वर्तमान पति का नाम सुनील पारीक ही है।
5. यह कि उक्त नाम के सम्बन्ध में भविष्य में किसी अन्य व्यक्ति द्वारा कोई आपत्ति या ऐतराज किये जाने पर उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की है।

शालिनी
ह. शपथग्रहीता

सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथग्रहीता सशपथ सत्यापित करती हूँ कि उपरोक्त शपथ–पत्र की मद सं. 1 ता 5 मेरे निजी ज्ञान एवं विश्वास में पूर्णतया सही एवं सत्य है, इसमें कोई भी तथ्य छिपाया नहीं गया है ना हीं मिथ्यांकित किया गया है। ईश्वर मेरा साक्षी है।

शालिनी
ह. शपथग्रहीता

ATTESTED
VANDANA PAREEK
NOTARY PUBLIC
JAIPUR (RAJ.).
18373

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।